13वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

drishtiias.com/hindi/printpdf/13th-brics-summit

प्रिलिम्स के लिये

ब्रिक्स, संयुक्त राष्ट्र

मेन्स के लिये

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन संबंधी प्रमुख बिंदु

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने 13वें **ब्रिक्स** वार्षिक शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की, जो कि वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया था।

> इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय 'ब्रिक्स@15: निरंतरता, समेकन और आम सहमति हेतु ब्रिक्स के बीच सहयोग' था।

प्रमुख बिंदु

- **प्रधानमंत्री का संबोधन**
    - प्रधानमंत्री ने इस वर्ष (2021) भारत की अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई कई नई पहलों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जिसमें रिमोट-सेंसिंग उपग्रहों के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता; एक आभासी ब्रिक्स वैक्सीन अनुसंधान एवं विकास केंद्र; हरित पर्यटन पर ब्रिक्स गठबंधन आदि शामिल हैं।
    - इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 'कोविड-19' महामारी के बाद वैश्विक रिकवरी प्रकिया में ब्रिक्स देशों की महत्त्वपूर्ण एवं अग्रणी भूमिका पर भी प्रकाश डाला, उन्होंने 'बिल्ड-बैक रेजिलिएंटली, इनोवेटिवली, क्रेडिबली एवं सस्टेनेबली' के आदर्श वाक्य के तहत ब्रिक्स सहयोग को बढ़ाने का आह्वान किया।
- **ब्रिक्स आतंकवाद विरोधी कार्ययोजना**

    यह आतंकवाद विरोधी सहयोग के क्षेत्रों के प्रति ब्रिक्स देशों के दृष्टिकोण और कार्यों को परिभाषित करती है जिसमें शामिल हैं: कट्टरता और ऑनलाइन आतंकवादी खतरों का मुकाबला, सीमा प्रबंधन, सूचना/खुफिया साझाकरण आदि।
- **स्वीकृत दिल्ली घोषणा:**
    - घोषणा में **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** (UNSC) सहित **संयुक्त राष्ट्र** के प्रमुख अंगों में सुधार का आह्वान किया गया।

        यह पहली बार है कि ब्रिक्स ने '**बहुपक्षीय प्रणालियों को मज़बूत करने और सुधारने**' पर सामूहिक रुख अपनाया है।
    - अफगानिस्तान के अलावा ब्रिक्स नेताओं ने **म्याँमार**, सीरिया में संघर्ष, **कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव**, **इज़रायल-फिलिस्तीन हिंसा** और अन्य क्षेत्रीय विवादों को भी उठाया।

        इसने **अफगानिस्तान** में स्थिरता के लिये "**समावेशी अंतर-अफगान वार्ता**" का भी आह्वान किया।
- **कोविड-19 संबंधी:**

    विश्व में कोविड-19 वैक्सीन उत्पादन का तेज़ी से विस्तार सुनिश्चित करने के लिये **बौद्धिक संपदा अधिकारों (TRIPS)** के व्यापार-संबंधित पहलुओं पर छूट हेतु **विश्व व्यापार संगठन** (WTO) में भारत और दक्षिण अफ्रीका द्वारा किये गए प्रस्तावों पर भी विचार किया गया।

ब्रिक्स

- ब्रिक्स दुनिया की पाँच अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द (Abbreviation) है।
    - BRICS की चर्चा वर्ष 2001 में Goldman Sachs के अर्थशास्री जिम ओ' नील द्वारा ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं के लिये विकास की संभावनाओं पर एक रिपोर्ट में की गई थी।
    - वर्ष 2006 में चार देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामान्य बहस के अंत में विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक के साथ एक नियमित अनौपचारिक राजनयिक समन्वय शुरू किया।
    - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया और इसे BRICS कहा जाने लगा।
- ब्रिक्स विश्व के पाँच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी का 41%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24% और वैश्विक व्यापार का 16% प्रतिनिधित्व करता है।
- ब्रिक्स शिखर सम्मलेन की अध्यक्षता प्रतिवर्ष B-R-I-C-S के क्रमानुसार सदस्य देशों के सर्वोच्च नेता द्वारा की जाती है।

    भारत वर्ष 2021 के सम्मलेन का अध्यक्ष है।
- वर्ष 2014 में ब्राज़ील के फोर्टालेजा में छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान BRICS नेताओं ने **न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB)** की स्थापना के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये। उन्होंने सदस्यों को अल्पकालिक लिक्विडिटी सहायता प्रदान करने हेतु ब्रिक्स आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था (BRICS Contingent Reserve Arrangement) पर भी हस्ताक्षर किये।

स्रोत: द हिंदू